# शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में स्ट्रीट वेंडर्स की भूमिका महत्वपूर्ण : सिंघवी




बीकानेर में शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स की एक दिवसीय कार्यशाला को संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने संबोधित किया।

- शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित
- मोदी डेयरी तथा श्रीजी की ओर से सभी वेंडर्स को एप्रैन-कैप वितरित की गई

**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी की पहल पर शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट फूड वेंडर्स की एक दिवसीय कार्यशाला शनिवार को जिला उद्योग संघ सभागार में आयोजित की गई।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत शहरी क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान यह महसूस किया गया कि शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में स्ट्रीट वेंडर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला रखी गई। उन्होंने बताया कि बीकानेर तथा सीकर संभाग के सभी जिलों में यह कार्यशाला 27 से 29 सितम्बर तक आयोजित की जा रही है। बीकानेर की कार्यशाला में 200 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स ने भागीदारी निभाई।

संभागीय आयुक्त ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान वेंडर्स को शुद्ध तथा मिलावट हीन सामग्री विक्रय करने, थडियों के आसपास साफ-सफाई रखने, सुख और गीले कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने एवं इनका उपयोग सुनिश्चित करने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुनियोजित रखने, थडियां निर्धारित सीमा में रखने के साथ यातायात व्यवस्था बनाए रखने में उनकी जिम्मेदारी के बारे में बताया गया।

इस दौरान संभागीय आयुक्त ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा अगले तीन दिनों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें।

आमजन के स्वास्थ्य और स्वच्छता के साथ किसी स्तर पर समझौता नहीं किया जायेगा। निर्देशों की पालना नहीं करने वालों के विरूद्ध फूड सेफ्टी एक्ट सहित अन्य प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। संभागीय ने कहा कि फूड वेंडर्स द्वारा खाद्य वस्तुओं में रासायनिक कलर सहित अन्य मिलावट नहीं की जाएं। बर्तन भी साफ सुथरे रहें तथा स्ट्रीट वेंडर निर्धारित ड्रेस कोड में हों यह सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान संभागीय आयुक्त की पहल पर मोदी डेयरी तथा श्रीजी की ओर से सभी स्ट्रीट वेंडर्स को एप्रैन और कैप भेंट की गई। संभागीय आयुक्त ने वेंडर्स को यह एप्रैन और कैप पहनाकर इसकी शुरूआत की। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने बताया कि संभागीय आयुक्त की इस पहल से शहरी क्षेत्र के वेंडिंग क्षेत्र साफ, सुंदर और स्वच्छ होंगे। इससे आसपास का वातावरण बेहतर रहेगा और वेंडर्स की आमदनी में भी वृद्धि होगी।

नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा ने कहा कि निगम द्वारा वेंडर्स क्षेत्र में लगाई जाने वाली थडियों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने में मदद की जायेगी। निगम का उद्देश्य शहरी क्षेत्र को सुंदर बनाना है। इसमें सभी के सहयोग की जरूरत है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र चौधरी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता ने 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' सहित फूड सेफ्टी से संबंधित विभिन्न प्रावधानों के बारे में बताया। इस दौरान मोदी डेयरी के जसवंत सिंह बतौर अतिथि मौजूद थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रवण कुमार वर्मा, भानू प्रताप सिंह गहलोत, सुरेंद्र कुमार तथा राकेश गोदारा के साथ एफएसएसएआई के ट्रेनर दीपक सिंगला तथा सुनील सेन ने स्ट्रीट वेंडर को विभिन्न विषयों पर आधारित प्रशिक्षण दिया।

## छात्राओं के चौके-छक्कों से गूंजा मैदान

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ के समीपवर्ती बांडा कॉलोनी स्थित रोजलैण्ड उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 68 वीं जिला स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय छात्रा वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साह और उल्लास के साथ हुआ।

इस प्रतियोगिता में मेजबान टीम रोजलैण्ड ने अपनी धाकड़ बल्लेबाजी और उत्कृष्ट टीम वर्क के दम पर दोनों वर्गों की ट्रॉफियां अपने नाम की। प्रतियोगिता का आयोजन में 17 वर्षीय छात्रा वर्ग में 5 टीमों और 19 वर्षीय छात्रा वर्ग के 8 टीमों ने भाग लिया।

सत्रह वर्षीय छात्रा वर्ग का फाइनल मुकाबला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुगिया और मेजबान रोजलैण्ड उच्च माध्यमिक विद्यालय बांडा कॉलोनी के बीच खेला गया। मुकाबला रोमांचक रहा, जहां मेजबान टीम ने बुगिया को 15 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। बुगिया की टीम ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया लेकिन रोजलैण्ड की मजबूत गेंदबाजी के आगे टीम ढेर हो गई।

इसी प्रकार 19 वर्षीय छात्रा वर्ग का फाइनल मैच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 4 एलएम और रोजलैण्ड के बीच खेला गया। यहां भी रोजलैण्ड की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और 7 विकेट से शानदार जीत हासिल की। बल्लेबाजों ने बेहतरीन स्ट्रोक्स से मैच को रोचक बना दिया। जबकि गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को दबाव में रखा।

## सार-समाचार

### पुराने सिक्कों को देखने उमड़े



बीकानेर में आसानियों के चौक स्थित सूरज भवन में पुराने सिक्कों की प्रदर्शनी देखने लोग उमड़े।

**बीकानेर,** (कासं)। आपने अगर ब्रिटिश काल में चलने वाले विक्टोरिया, एडवर्ड, पंचम जार्ज, सिक्स जार्ज के नोट और कागजी मुद्रा नहीं देखी है। ब्रिटिश काल में राजाओं के सिक्कों में उनके फोटो जिनमें राजा गंगासिंह भावलपुर स्टेट के महाराजा, त्रिपुर, इंदौर, ग्वालियर, बड़ौदा के राजाओं की फोटो लगे नोट व सिक्के नहीं देखे हैं तो अब देख सकते हैं। बीकानेर मुद्रा परिषद के तत्वावधान में बीकानेर मुद्रा महोत्सव द्वितीय का आयोजन आसानियों के चौक स्थित सूरज भवन में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का जहां शनिवार को दूसरा दिन रहा। आयोजनकर्ता महेन्द्र बरडिया ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले महोत्सव को लेकर बीकानेरवासियों में ही नहीं अपितु देश के विभिन्न भागों से आने वाले संग्रहकर्ताओं में भी उत्साह देखा गया। शनिवार को एक ओर प्रदर्शनी देखने वाले स्थानीय निवासियों की भारी भीड़ रही। वहीं दिल्ली से प्रसिद्ध संग्रहकर्ता चार्टेड एकाउंटेट गौरीशंकर अय्यर, औरंगाबाद से शांतिलाल बैद, चंचल दुधोडिया ताल छापर, प्रकाश पंसारी बीदासर, चूरू से एसएचओ विजिलेंस रामलाल ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए चूरू में भी इस तरह का आयोजन रखने की बात महेन्द्र बरडिया से कही। प्रदर्शनी देखने वालों में आर्य अतुलानन्द विंग्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे शामिल थे। सचिव प्रेमरतन सोनी ने बताया कि प्रदर्शनी में प्राचीन सिक्कों के साथ नोट और एंटिक आइटम, विभिन्न राज्यों की रियासत के तामपत्र, आर्ट से जुड़ी पेंटिंग्स सहित विभिन्न प्रकार की संग्रह लायक वस्तुओं को महत्व दिया गया है।

### कैंसर से बचाव की जानकारी दी



डॉ. अर्पिता गुप्ता ने कैंसर से बचाव के बारे में जानकारी दी।

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य तुलसी क्षेत्रीय कैंसर हॉस्पिटल में कैन किड्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता माह के उपलक्ष में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 120 से अधिक आशा सहयोगी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं समाजसेवी डॉ. अर्पिता गुप्ता ने कहा कि कैंसर जैसी बीमारी के प्रति जागरूक हों और थोड़ा भी कुछ असामान्य दिखने पर डॉक्टर से जांच कराएं। शुरूआती दौर में इलाज संभव है। उन्होंने कैंसर को लेकर लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने की अपील की ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी इस घातक रोग से मुक्त जीवन जी सके। कैंसर रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रमिला खत्री ने बताया कि महिलाओं में स्तन कैंसर और बच्चेदानी में कैंसर के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसीलिए बहुत जरूरी हो गया है कि महिलाएं इसके बारे में जाने और सावधान रहें। उन्होंने कैंसर के संकेत, लक्षणों व निदान के बारे में अवगत करवाया। कैन किड्स की कोऑर्डिनेटर सुधा पारीक ने बच्चों में होने वाले कैंसर की जांच के महत्व को बताया ओर पॉजिटिव सोच रखकर काम करने के लिए प्रेरित किया। डायटीशियन मीनाक्षी भाटिया ने कैंसर के इलाज के दौरान भोजन के महत्व को समझाया।

### नई शिक्षा नीति पर जोर दिया

**बीकानेर,**(कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर में डीएलक्यूएसी की संभाग स्तरीय गुणवत्ता एश्योरेंस सेल की बैठक एवं कार्यशाला प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डीएलक्यूएसी के संभागीय चैयरपर्सन प्रोफेसर राजेंद्र कुमार पुरोहित ने संभाग के 63 कॉलेजों के प्राचार्यों एवं आयुक्यूएसी संयोजकों को उद्बोधित करते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर बल दिया। चैयरपर्सन पुरोहित ने प्रत्येक कॉलेज से कम से कम एक कार्यशाला आयोजित कर विद्यार्थियों को सहभागी बनाने पर जोर दिया। इस बैठक में निरीक्षण और उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता तथा निरंतरता बनाए रखने के लिए किये जा रहे प्रयास, गति और विजन की दृष्टि से यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण रही। बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, गंगानगर के नोडल प्राचार्य ने अपने जिले से संबंधित संसाधनों और सुधार पर अपनी बात रखी। इस बैठक में गवर्नमेंट शोध राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, महाविद्यालयों के सामाजिक सरोकारों के लिए उठाए गए कदम इत्यादि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला में राजस्थान से नैक के द्वारा नामित प्रोफेसर दिव्या जोशी एवं प्रो. नरेन्द्र भोजक ने नैक प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

# निर्धारित राशि जमा कराने के बाद भी नहीं मिले अभी तक पट्टे !

- अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों में से 42 आवेदकों के पट्टा संबंधित पत्रावलियां निगम में अटकी पड़ी है

**बीकानेर,** (कासं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर के दौरान महीनों पहले आवेदन करने व शिविर अवधि समाप्ति से पहले निर्धारित राशि जमा होने के बाद भी आवेदकों को पट्टे नहीं मिल पाए। दर्जनों आवेदक अब भी निगम के चक्कर लगा रहे है, लेकिन पट्टा देने की अंतिम तिथि समाप्त हो जाने के बाद अब आशियानों के पट्टों पर सशंय बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि पहले चुनाव की आचार संहिता लगने व बाद में करीब डेढ़ माह तक निगम आयुक्त के अवकाश पर रहने के कारण पट्टे जारी नहीं हो पाए। इस दौरान पट्टा जारी करने की अंतिम तिथि भी निकल गई। अभियान के दौरान प्राप्त हुए आवेदनों में से 42 आवेदकों के पट्टा संबंधित पत्रावलियां निगम में अटकी पड़ी है। निगम की भूमि शाखा की जानकारी अनुसार इनमें 69 क से संबंधित 27 और नियमन संबंधित 15 पत्रावलियां है, जिनको पट्टे जारी होने शेष है।

बताया जा रहा है कि इन पत्रावलियों में निर्धारित राशि 31 मार्च से पहले ही जमा हो चुकी है। इनकों अंतिम तिथि 10 अगस्त से पूर्व पट्टे जारी करने थे, लेकिन निगम प्रशासन इनको पट्टे जारी नहीं कर पाया। लंबित 42 पत्रावलियों में 69 क श्रेणी में बीकानेर पूर्व की 8, बीकानेर पश्चिम क्षेत्र की 12 और गंगाशहर क्षेत्र की 7 पत्रावलियां है। इसी प्रकार नियमन की 15 पत्रावलियों में गंगाशहर क्षेत्र की 14 व एक पत्रावली बीकानेर पूर्व क्षेत्र की है।

निगम के पूर्व आयुक्त 3 जुलाई से 19 अगस्त तक अवकाश पर थे। इस कारण एक भी पट्टा पत्रावली का निस्तारण नहीं हुआ व पट्टा जारी नहीं हो पाया। बताया जा रहा है कि 10 अगस्त तक अभियान अवधि के पट्टे जारी करने थे। आयुक्त निगम में उपिस्थत नहीं होने के कारण पट्टे जारी नहीं हो सके। इसका खमियाजा अब आवेदक भुगत रहे है।

प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान निगम की ओर से संबंधित मंत्रालयिक कर्मचारियों को कई बार बदला गया। यही नहीं पट्टा बनाने का स्थान भी बार-बार बदलता रहा। शुरूआत में जहां निगम मुख्य कार्यालय में यह कार्य चलता रहा। वहीं बाद में इस स्थान को बदलकर दीनदयाल उपाध्याय सर्किल स्थित निगम कार्यालय में कर दिया गया। इसके बाद फिर यहां से फाइलों को मुख्य कार्यालय में भेज दिया गया। इस दौरान कई पत्रावलियां इधर उधर हुई। फाइलों में अनावश्यक देरी हुई। पट्टा संबंधित लंबित 42 फाइलों में तो अनेक फाइलें ऐसी भी है, जो एक से डेढ़ साल पुरानी है।

## उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कार्यरत, सेवानिवृत कार्मिकों अधिकारियों के अनियमित वेतन निर्धारण एवं स्वीकृत वेतन वृद्धियों आदि के संबंध में प्रस्तुत विशेष जांच प्रतिवेदन में लगाये गये आक्षेपों एवं संबंधित कार्मिकों, अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत पक्ष, साक्ष्य, दस्तावेजों का राजुवास नियम, परिनियम एवं राजस्थान सेवानियमों के अन्तर्गत परीक्षण एवं विवेचन कर निष्कर्ष सहित आक्षेपवार अपनी अनुशंषा प्रस्तुत करने हेतु उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

कुलसचिव ने बताया कि इस उच्च स्तरीय कमेटी में नरसिंह दास व्यास, पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित कुल चार सदस्य मनोनीत किए गए हैं। जस्टिस व्यास वर्तमान में जिला उपभोक्ता संरक्षण प्रतितोष आयोग, नागौर के अध्यक्ष हैं। प्रो. एन एस. राठौड़, पूर्व कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर, प्रो. नरेन्द्र भोजक, डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर व भंवर सिंह चारण, सेवानिवृत राज्य लेखा सेवा को शामिल किया गया है।

# हनुमानगढ़ में 36 केन्द्रों पर हुई सी.ई.टी. परीक्षा

- भागते-दौड़ते पहुंचे परीक्षा केन्द्र, मनाही के बावजूद पहन कर आए गहनों को उतारने में समय हुआ खराब

**हनुमानगढ़,** (कासं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से जिले में शनिवार को समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) स्नातक स्तर का 36 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा में कहीं से भी कोई गड़बड़ी का मामला सामने नहीं आया।

शनिवार सुबह पहली पारी में परीक्षा देने पहुंचे कई अभ्यर्थी प्रवेश का निर्धारित समय खत्म होने से ठीक थोड़ी देर पहले ही पहुंच पाए। भागते-दौड़ते परीक्षा केन्द्र पहुंचे अभ्यर्थियों में से महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क्योंकि कई महिला अभ्यर्थी परीक्षा को लेकर जारी किए गए आदेश तथा मनाही के बावजूद गहने पहन कर परीक्षा केन्द्र पहुंच गई थी। ऐसे में उनको परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के आखरी क्षणों में जल्दी से कान की बालियां, कोका, कंगन वगैरह उतार कर परिजनों को देने में समय लगा।

इससे पहले शुक्रवार को पहले दिन भी समान पात्रता परीक्षा 36 केन्द्रों पर ही आयोजित की गई। पहली पारी में 89.12 तथा दूसरी पारी में 87.59 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा के लिए सभी केन्द्र जिला मुख्यालय तथा इसके आसपास स्थित शिक्षण संस्थानों में ही बनाए गए हैं ताकि बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को ज्यादा दिक्कत ना हो। प्रशासन, पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मिलाकर छह उडन॰ दस्ते बनाए गए हैं। सभी उडन॰ दस्तों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया।

# बिजली कटौती, दो दिन से दर्जनों गांवों में अंधेरा

- परेशान ग्रामीण लूणकरनसर के विद्युत निगम कार्यालय पहुंचे और आक्रोश जताया

**बीकानेर,**(कासं)। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनदेखी के चलते लूणकरनसर तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को पिछले कई दिनों से अंधेरे में रहना पड़ रहा है। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस समस्या से परेशान होकर हंसेरा-दुलमेरा गांव के ग्रामीण लूणकरनसर के विद्युत निगम कार्यालय पहुंचे और आक्रोश जताया। लेकिन 132 जीएसएस पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन के समझाइश के बाद ग्रामीण वापस गांव लौटे। क्षेत्र के लोगों ने सुबह विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर बिजली कटौती व्यवस्था में सुधार करने का आग्रह किया। ज्ञापन में बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र के हंसेरा, उद्देशिया, दुलमेरा, धीरेरा, दुलमेरा स्टेशन, भादवा सहित आसपास के गांवों में बिजली की अघोषित कटौती के कारण रात भर लोगों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों फसल कटाई का समय चल रहा है, जिससे विद्युत आपूर्ति की जरूरत रहती है। इस मौके पर नंदू सारस्वत, केदार शर्मा, मोतीनाथ सिद्ध, मालाराम जाट, रामदयाल मूंड, नवलकिशोर, तोलाराम, राकेश मूंड ने रोष जताया।

## लोक अदालत में पति-पत्नी का राजीनामा

**बीकानेर,**(कासं)। वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट लक्ष्मीकांत रंगा की सूझबूझ और सकारात्मक भूमिका से साढ़े छह साल से चल रहा वैवाहिक विवाद आज राजीनामा के साथ सुलझ गया।

शनिवार को आयोजित तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत में वर्ष 2018 से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण लम्बित चल रहे वैवाहिक प्रकरण के विवाद का पारिवारिक न्यायालय सं. 1, बीकानेर के न्यायाधीश सत्यपाल वर्मा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीकांत रंगा द्वारा पक्षकारों राजकुमार पुत्र रामकिशन व अंजू पुत्री पूनमचंद के मध्य आपसी समझाइश से राजीनामा कर निस्तारित किया गया। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश सत्यपाल वर्मा एवं अधिवक्ता विनोद जोशी की उपस्थिति में पक्षकार राजकुमार व अंजू ने एक-दूसरे को माला पहनाई तथा विवाद खत्म किया।

# देश भर से आये दिव्यांग, मूक बधिरों का स्वरोजगार प्रशिक्षण

- दिव्यांग बच्चों का पांच दिवसीय स्वरोजगार प्रशिक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में सेवा कार्यों का एक अनूठा आयोजन लगभग 1000 बच्चों का पांच दिवसीय स्वरोजगार प्रशिक्षण डागा पैलेस में शुरू किया गया।

प्रशिक्षण शिविर का शुभांभ पुष्प जैन, लोकेश कावड़िया, वीजय सिंह डागा, शिवरतन अग्रवाल फन्ना बाबू, नोखा के शिवरतन सोनी, रमेश लाम्बा, सतीश नागरे, आशोक मोदी, हंसराज डागा, उत्तमचंद सेठिया, लालचन्द भूरा, मीसो बीकानेर के सचिव ओम बिहाणी महिला विंग की पूजा मोहता ने भगवान गणेश व महावीर के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलन कर किया।

जीवन में तो आधा मरना आधा जीना के तेजस्वी विचार के साथ अपना उद्बोधन देते हुए मीसो के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर पुष्प जैन ने उपस्थित दानदाताओं, सहयोगियों, अतिथियों, प्रशिक्षकों और दिव्यांगों को सम्बोधित करते हुए विराट आयोजन के लिए सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि सौभाग्यशली नगरी है बीकानेर और सेवा सत्कार के वाहक है यहां के दानवीर भामाशाह। उन्होंने दिव्यांगों के साथ हुए प्राकृतिक अन्याय की तरफ ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि हमें ऐसे कार्य करते रहना चाहिए जो हमारे पुण्य में जुड़ते हो।

मीसो के अंतर्राष्ट्रीय सचिव लोकेश कावड़िया बच्चों ने कहा कि ये बच्चे जो आप देख रहे है लगन से काम कर रहे हैं। मूक बधिर जरूर है लेकिन ये सुखी है। क्योंकि यह पूरे देश विदेश में एक ही भाषा 'साइन लैंग्वेज' से एक दूसरे से संवाद कर सकते हैं और हम सबको हर थोड़ी दूरी पर भाषा का बदलाव देखना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि यह 23 वां आयोजन है और इसमे साइलेंट गांव, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बरगूजा, बक्सर क्षेत्र दंतेवाड़ा से आये हैं। पूरे देश भर से बच्चे आये जिनको यहां स्वरोजगार प्रशिक्षण मिल जायेगा जिससे वो 15 हजार रूपये महीना कमा रहे हैं। बीकानेर के दानताताओं को आभार प्रकट किया। भामाशाह विजय डागा ने कहा कि मूक बधिर बच्चों की स्वरोजगार निर्माण करने की सेवा अपने आप में पुण्य का काम है।

# मां की कोख बच्चे की पहली और गोद दूसरी पाठशाला : स्वामी विमर्शानंद




आदर्श विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन को श्री लालेश्वर महादेव मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानंद महाराज ने संबोधित किया।

- 'इंटरनेट व सोशल मीडिया और आज के दौर में मां की जिम्मेदारी और बढ़ी'

**बीकानेर,** (कासं)। मां की कोख बच्चे की पहली और गोद दूसरी पाठशाला होती है। मां की दृष्टि और सोच ही बच्चे के भविष्य निर्माण की दिशा तय करती है। श्री लालेश्वर महादेव मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानंद ने शनिवार को रघुनाथसर कुआं स्थित भारतीय आदर्श विद्या मंदिर के द्वारा आयोजित मातृ सम्मेलन के दौरान ये उद्बोधन दिया।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ आध्यात्मिक विकास भी जरूरी है। यह कार्य एक मां ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि मां परंपराओं को समझने वाली और संस्कृति को आगे बढ़ाने वाली होती है। मां को अपना दायित्व समझते हुए बच्चे के सर्वांगीण विकास की राह बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में आदिकाल से सोलह संस्कारों को महत्व दिया गया है। गर्भाधान संस्कार सबसे पहला और महत्वपूर्ण संस्कार है। उन्होंने कहा कि सही मायनों में मां ही राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से मां की भूमिका के बारे में बताया। राष्ट्रीय सेविका समिति की महानगर व्यवस्था प्रमुख चंद्रकला आचार्य ने कहा कि मां को रानी लक्ष्मी बाई, अहिल्या बाई होल्कर, जीजाबाई और मदालसा जैसी महान माताओं की तरह बनने की जरूरत है। ऐसा होने पर ही वीर शिवाजी जैसे महान राष्ट्रभक्त पैदा होंगे।

वाणिज्य कर अधिकारी डॉ. अनिता जोशी ने कहा कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में आज के दौर में मां की जिम्मेदारी और बढ़ी है। एक मां के रूप में स्त्री को इसे समझने की ज़रूरत है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन किया और मातृ सम्मेलन की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य घनश्याम व्यास ने आभार जताया।

## ई.सी.बी. में विजय स्मृति कार्यक्रम

**बीकानेर,** (कासं)। इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर परिसर में विजय स्मृति कार्यक्रम के तहत 'महानायक महाराणा प्रताप एक प्रेरणा पुंज' विषय पर उनके कृतित्व एक व्यक्तित्व पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर के को-ऑर्डिनेटर डॉ अंकुर गोस्वामी ने बताया कि महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी इन प्रतियोगिताओं में प्रमुख रूप से चित्रांकन प्रतियोगिता में अनेक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित विभिन्न रेखा चित्रों के माध्यम से इस आयोजन को सफल बनाया। लेखन में वार्ता, श्रुतिलेख, एवं कविताओं से छात्र- छात्राओं ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र को सजीव किया। कार्यक्रम के तहत कविता लेखन एवं वाचन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं के द्वारा लिखी गई कविताओं की लयबद्ध सांगीतिक प्रस्तुतियां भी की गई।


उत्तर पश्चिम रेलवे — ई - ऑक्शन सूचना

सं. 86ऐसी / पार्किंग & पे एण्ड यूज शौचालय / ई-नीलामी / 2022 दिनांक : 25.09.2024

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मण्डल पर pay and use Toilet, Parking, Advertisement - out of Home, Advertisement on station premise Non-Digital, Advertisement -Train Exterior (Below window) ठेको के लिए ई-ऑक्शन प्रारम्भ किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

| केटलॉग संख्या | कार्य का नाम व स्थान | ई- आक्शन की दिनांक व समय |
|---|---|---|
| EA PAYANDUSE 15 | सिरसा, गोगामेड़ी रेलवे स्टेशन पर पे एण्ड यूज टॉयलेट की साफ-सफाई हेतु। | दिनांक 09.10.2024 समय 13:00 बजे ई-ऑक्शन होगा। |
| EA PARKING 14 | हिसार रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग स्टेण्ड एवं हांसी, संगरिया, लोहारू, भिवानी, गजसिंहपुर, हिसार द्वितीय प्रवेश द्वार, सिरसा प्रथम प्रवेश द्वार, जैतसर रेलवे स्टेशनों पर साईकल, स्कूटर, मोटर साईकल, कार पार्किंग स्टेण्ड। | दिनांक 09.10.2024 समय 15:00 बजे ई-ऑक्शन होगा। |
| ADV OOH 25 | Advertisement – out of Home at : सादुलपुर, गजसिंहपुर, नोहर, श्रीविजयनगर, राजलदेसर, रामा, बीकानेर, अनुपगढ़, कलानौर कला, Advertisement on station premise Non-Digital at: भिवानी, सिरसा। | दिनांक 14.10.2024 समय 15:00 बजे ई-ऑक्शन होगा। |
| ADV VW 01 | Advertisement -Train Exterior (Below window) 1. Train No. 04702/01 | दिनांक 15.10.2024, समय 15:00 बजे ई-ऑक्शन होगा। |

LGH ABS Special, 04771/72 BTI-APH SPL. 04783/84 BTI-SSA SPL., 14722/21 ABS-JU EXP (DAILY). 2. Train No. 20473/74 [CHETAK EXP] DEE-UDZ, 22471/72 [BKN DEE EXP] BKN-DEE, (Daily). 3. Train No. 04705/06 [SGNR JP TOD SPL] SGNR-JP, 04753/54 [BTI-SGNR PASSENGER] BTI-SGNR, 04755 / 56 [BTI-SGNR PASSENGER] BTI-SGNR, 04765/66 [DUI-BTI PASSENGER] DUI-BTI, 14735/36 [SGNR-UMB EXP] SGNR-UMB (Daily). 4. Train No. 14727/28 [SGNR TKJ EXP] SGNR-TKJ, 14737/38 [BHIWANITKJ EXP] BNW-TKJ (Daily). 5. Train No. 04759/60 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG, 04761/62 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG, 04763/64 [SDLP-SGNR PASSENGER] SDLP-SGNR, 04767/68 [HMH-SGNR PASSENGER] HMH-SGNR, 04769/70 [HMH-SGNR PASSENGER] HMH-SGNR, 04773/74 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG, 04775/76 [SDLP-HMH PASSENGER] SDLP-HMH, 04777/78 [SDLP-HMH PASSENGER] SDLP-HMH, 04779/80 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG (Daily). 6. Train no. 12467/68 LEELAN EXP] JSM- JP, 14703/04 lgh-jsm exp. 7. Train No. 12439/40 [NED-SGNR EXP VIA HMH] NED-SGNR (Weekly), 12485/86 [NED SGNR EXP] NED-SGNR (Twice in Week).

अन्य सूचना एवं नियम व शर्तो के लिये IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉगिन करे।

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 1125-AK/24